हेराफेरी

एथेनॉल प्लांट तक पहुंचने से पहले गायब हो रहा सरकारी अनाज

# बालाघाट में 100 करोड़ का चावल घोटाला





**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय चावल की हेराफेरी के मामले में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे के एक बड़े बयान ने राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। मुंजारे ने आरोप लगाया है कि बालाघाट एफसीआई गोदाम से एथेनॉल प्लांट के लिए निकला चावल गंतव्य तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने इसे 100 करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला बताते हुए दावा किया कि पिछले दो वर्षों में करीब 200 ट्रक चावल गायब हो चुका है। मुंजारे ने इस मामले की वर्तमान एसआईटी जांच को बंद कर सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

कुछ दिनों पहले नवेगांव एफसीआई गोदाम से छिंदवाड़ा एथेनॉल प्लांट के लिए निकले तीन ट्रक लापता हो गए थे। जिसकी शिकायत के बाद प्रशासनिक अमले ने एक ट्रक वारासिवनी की संचेती राइस मिल में अवैध रूप से खाली होते पकड़ा गया था, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। बाकी दो ट्रक सिवनी में खाली मिले।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने एसआईटी गठित की है, जिसने अब तक लगभग 10 ट्रक जब्त किए हैं और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। मुंजारे के इस नए खुलासे के बाद अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है।

### चावल हेराफेरी का पूर्व सांसद ने लगाया आरोप

पूर्व सांसद ने पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के बड़े भाई राजकुमार कावरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि 'राइस इंडस्ट्रीज' में ही ट्रकों के दस्तावेज तैयार होते हैं और वहीं से यह तय किया जाता है कि किस ट्रक को कहां भेजना है। मुंजारे ने मांग की है कि इस राइस मिल के सीसीटीवी फुटेज और चावल के आवक-जावक रिकॉर्ड की गहन जांच की जानी चाहिए।

## हम अपनी नई पीढ़ी को बताएं, प्रतिमा क्यों लगाई जाती है : विवेक



**नवभारत, वारासिवनी।** भक्त माता कर्मा ने अपनी भक्ति से साक्षात भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए।और अपने गोद में लेकर बालकृष्ण को खिचड़ी खिलाई।उन्होंने संसार के हर सुख दुख स्वीकारा और डट का उसका मुकाबला किया।माता कर्मा ने भक्ति के साथ गृहस्थ जीवन पूर्ण सपन्नता से जी कर नारी जाति का मान बढ़ाया।माता कर्मा की भक्ति और समर्पण को हम सब याद करते है।यह उद्बोधन विधायक विवेक पटेल ने खैरलांजी में तेली समाज द्वारा माता कर्मा और संत जगनाडे महाराज की प्रतिमा के लोकापर्ण के दौरान कही। वहीं उन्होंने कहा कि बालाघाट,चंगेरा और अब तेली समाज की मांग पर खैरलांजी में मूर्ति का लोकार्पण किया गया। इस दौरान सरपंच ज्योति नगपुरे ,तेली समाज के जिलाध्यक्ष सूरज करकाड़े, गेंदलाल हाड़पूरे, हरपाल मुराली, बुधराम देवारे, विकास करपगए, वेदप्रकाश करकाडे, बालचंद करकाड़े, तिलकचंद करकाडे, राजकुमार कोलते, शंकरलाल कोलते, राहुल करकाड़े, गुलाब मुराली, मदन नेवारे, मनीषा करकाड़े, कविता कोलते सहित समाज के नागरिकगण मौजूद रहे।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि खैरलांजी में जब सामूहिक विवाह सम्मेलन था। उस समय तेली समाज ने हमसे मूर्ति लगवाने की मांग की थी। कुछ दिन पहले समाज के पदाधिकारियों के उपस्थिति में हमने भूमिपूजन किया था। अब मूर्ति लगकर तैयार है।समाज के विकास में कोई कमी नहीं होगी। मूर्ति इसलिए लगाई जाती है ताकि हमें इनका इतिहास पता रहे।अब मूर्ति की स्थापना भी हो चुकी है। अब भव्य रूप में एक मंच बनाया जाएगा।वहीं खैरलांजी चौक में गांधी चौक का सभामंच भी जर्जर हो चुका है। बहुत जल्द उनका भी पुन: निर्माण किया जाएगा।समाज में जो पीछे रह चुके है। उन्हें आगे लाने का हमारा प्रयास है।समाज को आगे लेकर जाने में बच्चों को अच्छी शिक्षा दे।ताकि भविष्य में समाज को और ऊंचाइयों पर लेकर जाए।

### जिले में 28 जून तक 46 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 28 जून 2026 तक कुल 46 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 101 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। जिले में 01 से 28 जून तक 199 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए और जून माह में 212 मिलीमीटर वर्षा होना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जून को प्रात: 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 02 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 00 मिलीमीटर, वारासिवनी में 00 मिलीमीटर, बैहर में 00 मिलीमीटर, लांजी में 08 मिलीमीटर, कटंगी में 02 मिलीमीटर, किरनापुर में 00 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 07 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट नगर मे नर सेवा को नारायण सेवा मानकर वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी ने बिरसा विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम इक्को (धुनधुनवर्धा) में एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

इस मानवीय पहल में जनियाटोला सहित आसपास के 55 से अधिक जरूरतमंद ग्रामीणों की मुफ्त जांच कर दवाइयां दी गईं। स्वास्थ्य लाभ के साथ ही डॉ. सेवलानी व उनकी टीम ने बुजुर्ग पुरुषों को धोती और महिलाओं को साड़ियां वितरित कीं। पिछले कई वर्षों से सेवा में जुटे डॉ. सेवलानी का यह 225वां शिविर था। इस पुनीत कार्य में सुश्री नैना, समाजसेवी बच्चूमल वाधवानी और सत्यनारायण अग्रवाल ने सराहनीय सहयोग दिया।

## महिलाओं के सम्मान की बात करने वाली सरकार अब उनके नाम पर शराब बेचने की तैयारी में : जुगल शर्मा



**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव जुगल शर्मा ने मध्य प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि महिलाओं के लिए अलग शराब दुकानें खोलने जैसी कोई नीति लागू की जाती है, तो यह प्रदेश की माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ होगा। सरकार को महिलाओं के लिए रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था करनी चाहिए, न कि शराब की अलग व्यवस्था।

जुगल शर्मा ने कहा कि एक ओर सरकार नशामुक्त समाज की बात करती है, दूसरी ओर महिलाओं के नाम पर शराब बिक्री बढ़ाने की दिशा में कदम उठाना गंभीर विरोधाभास है। इससे परिवारों पर सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की होनी चाहिए, न कि ऐसी योजनाओं की जिनसे समाज में गलत संदेश जाए। यदि ऐसी किसी नीति को लागू करने का प्रयास किया गया, तो कांग्रेस सड़क से सदन तक इसका लोकतांत्रिक विरोध करेगी।

जुगल शर्मा ने सरकार से मांग की कि—महिलाओं के लिए अलग शराब दुकान खोलने जैसी किसी भी योजना को तत्काल वापस लिया जाए। महिलाओं की सुरक्षा, रोजगार और शिक्षा पर विशेष बजट बढ़ाया जाए।

प्रदेश में नशामुक्ति अभियान को प्रभावी बनाया जाए, न कि शराब बिक्री को प्रोत्साहन दिया जाए।

## महाकौशल कलाकार शायर मंडल का सम्मान समारोह आयोजित

### शासन की अपेक्षाओं का दंश झेल रहे कलाकारों ने गायन के माध्यम से सुनाई दास्तान



**नवभारत ,बालाघाट।** रविवार को नगर के नूतन कला निकेतन में आयोजित कलाकारों के सम्मान समारोह के दौरान उस वक्त तालिया की गड़गड़ाहट नहीं थमी, जब कलाकारों के निवेदन पर बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने फिल्मी गीत 'रुक जाना नहीं,,, तू कहीं छोड़कर' की प्रस्तुति दी।जहां ना केवल उन्होंने फिल्मी गीत की प्रस्तुति दी, बल्कि शायर कलाकारों को शासन से मानदेय व पेंशन की मांग को भी पूरा कराने के लिए आश्वासन दिया।उधर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विधायक विक्की पटेल ने भी इस मुद्दे को 20 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में बालाघाट जिले के चारों विधायकों के साथ उठाने का भरोसा दिलाया है। तो वहीं उन्होंने सांस्कृति मंत्री से वार्तालाप कर शायर, कलाकारों के जीवन से जुड़ी मान्यदेय वाली इस मांग को जल्द से जल्द पूरी कराने का आश्वासन भी कलाकारों को दिया है।

### कलाकारों ने नाच गाकर विधायकों को सुनाई दास्तान

महाकौशल जन जागृति शाहिरी संघ और विदर्भ शाहीर कलाकार परिषद गोंदिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित कलाकारों ने गायन और नृत्य के माध्यम से दोनो विधायकों को अपनी दयनीय स्थिति का हवाला देते हुए उनकी मांगों को पूरा किए जाने की गुहार लगाई कलाकारों ने गायन और नृत्य के माध्यम से बताया कि

नाट्य कला और संस्कृति से जुड़े कलाकारों का जीवन संकट में है जिनकी कला को निहारने व वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को कायम रखने के लिए जिले के कलाकारों को मजदूरी कर अपना जीवन यापन करना पड़ रहा है वहीं अन्य राज्यों की तरह इन कलाकारों को शासन द्वारा शासकीय योजना व पेंशन आदि का लाभ नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते कला क्षेत्र से जुड़े कलाकार प्रदेश शासन ने नाराज है।

पड़ोसी राज्यो की सरकारे दे सकती है तो मप्र सरकार क्यो नही

आयोजित सम्मान समारोह में कला एवं संस्कृति से जुड़े कलाकारों में, 6 वर्ष के संघर्ष के बाद भी मांग पूरी न होने पर भारी नाराजगी दिखी।जिसमें नाट्य कला और संस्कृति से जुड़े शायर ,गीतकार, डंढार कलाकारो ने संगठन के माध्यम से उनकी विभिन्न मंडलियों और इस क्षेत्र से जुड़े कलाकारों को छग महाराष्ट्र राज्य की तर्ज पर शासकीय योजनाओं का लाभ देने, कलाकारों और उनके सहयोगियों को व्यक्तिगत पेंशन दिए जाने सहित सांस्कृतिक कला विभाग के माध्यम से बड़े शहरों में उनकी कला का प्रदर्शन कराए जाने की मांग की।आयोजित कार्यक्रम के दौरान महाकौशल और गोंदिया महाराष्ट्र से आए कलाकारों ने स्थापना गीत संगीत गायन वादन आदि कलाओं की प्रस्तुति देकर हर किसी को मनमुग्ध कर दिया।महाकौशल कलाकार शायर मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर मोहारे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में गोंदिया महाराष्ट्र, बालाघाट, सिवनी, जबलपुर, गोंदिया, डिंडोरी, व महाकौशल के विभिन्न जिलों से आए शायर ,डंढार कलाकार ,गायक सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पदाधिकारियो ने बताया कि सम्मेलन में सर्व सहमति से मानदेय की प्रमुख मांग को शासन प्रशासन तक पहुंचाने की सहमति बनी।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज में बढ़ती चुनौतियों, युवाओं की भूमिका और सामाजिक एकता पर अपने विचार साझा किए।

## नाजिया इलाही के बयान से भड़का मुस्लिम समाज



**नवभारत, बालाघाट।** पिछले दिनों सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और स्वयं को 'सनातनी मुसलमान' बताने वाली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नेत्री नाजिया इलाही खान ने एक पॉडकास्ट में पैगंबर मोहम्मद और हजरत आयशा सिद्दीका के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस विवादित बयान के बाद देशभर में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। देश के कई थानों में ज्ञापन देकर एफआईआर दर्ज करते हुए कड़ी कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है जिससे कि आगे कोई भी इस तरह की अपमानजनक भाषा का प्रयोग किसी भी धर्म और संप्रदाय के लिये ना कर सके। इसी कड़ी में रविवार को अंजुमन इस्लामिया कमेटी के बैनर तले समाजनों ने भी कोतवाली थाने में पहुंचकर नाजिया खान के बयान को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और कार्यवाही की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौपा है।जहा सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि नाजिया खान द्वारा की गई टिप्पणी से देशभर के करोड़ों मुसलामानों एवं धर्मप्रेमियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है तथा समाज में आक्रोश एवं असंतोष की स्थिति उत्पन्न हुई है। सामाजिक बंधुओ ने इस मामले में सम्बधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

इसके पूर्व भी दे चुकी है भड़काऊ ब्यान पदाधिकारियो द्वारा बताया गया कि यह कोई पहला मामला नही है जब नाजिया इलाही ने विशेष समाज को लेकर कोई भड़काऊ ब्यान दिया हो,बल्कि इससे पहले भी कई बार नाजिया खान द्वारा ऐसे भड़काऊ बयान देकर देश के शांति एवं भाईचारे को भंग करने का प्रयास किया गया है।अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार पूर्णत: निरंकुश नहीं है सार्वजनिक व्यवस्था, शांति एवं धार्मिक सद्भाव बनाये रखने हेतु उचित प्रतिबंध लगाये जा सकते है। मांग रखी गई कि नाजिया खान के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत धार्मिक भावनाओं को आहत करने, विभिन्न धार्मिक समुदायों के मध्य वैमनस्य, घृणा अथवा दुर्भाव फैलाने पर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिये साथ ही कहा गया कि रासुका के तहत भी मामला कायम होना चाहिये।

### यह लोक व्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव के लिए गंभीर विषय

अंजुमन इस्लामिया कमेटी के बैनर तले सौपे गए ज्ञापन में इस बात का उल्लेख किया गया कि नाज़िया इलाही ख़ान एवं दिव्या सिंह द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, यूट्यूब चैनलों, पॉडकास्ट तथा अन्य डिजिटल माध्यमों के माध्यम से इस्लाम, कुरआन -ए-मजीद, पैगम्बर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम), उम्मुल मोमिनीन हज़रत आयशा सिद्दीका(रज़ियल्लाहु अन्हा) एवं मुस्लिम समाज के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक, अपमानजनक तथा भड़काऊ टिप्पणियाँ एवं सामग्री प्रसारित की गई हैं।

उक्त कंथित सामग्री से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएँ गम्भीर रूप से आहत हुई हैं। ऐसी टिप्पणी,विभिन्न समुदायों के मध्य घृणा एवं सामाजिक तनाव उत्पन्न कर सार्वजनिक शांति, भाईचारे एवं सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती है।यह लोक व्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव के लिए गंभीर विषय है।

अंजुमन इस्लामिया कमेटी के बैनर तले सामाजिक बन्धुओ द्वारा सौपे गए इस ज्ञापन में इस प्रकरण की निष्पक्ष जाँच कराने,विवाद से संबंधित वीडियो, ऑडियो, पोस्ट, टिप्पणियों एवं डिजिटल सामग्री का परीक्षण कराने, जाँच में तथ्य एवं साक्ष्य पाए जाने पर भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम तथा अन्य लागू विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने,संबंधित सोशल मीडिया खातों एवं डिजिटल चैनलों की जाँच हेतु साइबर सेल को आवश्यक निर्देश जारी करने, सार्वजनिक शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने हेतु आवश्यक निवारक कदम उठाने, कानून का उल्लंघन करने वाली सामग्री, कंटेंट व सम्बधितों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने,की मांग की।

## कोचेवाही में सुपर सीडर से डीएसआर बोनी, आधुनिक तकनीक अपनाने को लेकर किसानों में बढ़ा उत्साह

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के टेमनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोचेवाही में किसानों ने आधुनिक कृषि यंत्र सुपर सीडर के माध्यम से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति से धान की बोनी कर आधुनिक खेती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस तकनीक को अपनाने से क्षेत्र के किसानों में उत्साह का माहौल है और अन्य किसान भी इससे प्रेरित हो रहे हैं।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सुपर सीडर तकनीक से बिना अधिक जुताई के सीधे बुवाई की जा सकती है। इससे समय, श्रम और उत्पादन लागत में कमी आती है, वहीं एक ही प्रक्रिया में बीज एवं उर्वरक का उपयोग होने से कार्य अधिक तेज और प्रभावी बनता है। खेत में मौजूद फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाने से भूमि की उर्वरता एवं जैविक कार्बन भी बढ़ता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

ग्राम कोचेवाही की कृषक श्रीमती अदिति घोरमारे एवं श्री सुखराम भागदड़े ने बताया कि पारंपरिक पद्धति की अपेक्षा सुपर सीडर से बोनी करना अधिक सुविधाजनक और किफायती है। किसानों को उम्मीद है कि इस तकनीक से फसल की बेहतर वृद्धि होगी तथा उत्पादन में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

## पोलियो अभियान का सांसद और विधायक ने बच्चों को दवा पिलाकर किया शुभारंभ



**नवभारत, बालाघाट।** देश को पोलियो मुक्त रखने के संकल्प के साथ आज 28 जून को बालाघाट में 'राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान' का भव्य शुभारंभ हुआ। जिला चिकित्सालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी, बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे और मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े ने संयुक्त रूप से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अभियान के तहत बालाघाट जिले में 0 से 5 वर्ष की आयु के कुल 01 लाख 77 हजार 56 बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए जिले भर में 894 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहाँ 3,584 टीकाकरण कर्मी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

अभियान के पहले दिन यानी 28 जून को बूथों पर टीकाकरण किया जा रहा है। इसके बाद आगामी 29 और 30 जून 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा पिलाएंगी, जो किन्हीं कारणों से बूथ तक नहीं पहुँच पाए हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी और विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने जिले के सभी पालकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा, 'दो बूंद जिंदगी की—हर बच्चे को, हर बार' के मंत्र को आत्मसात कर हम अपने बच्चों को एक स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज महाजन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ऋत्विक पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संजय तुरकर तथा सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री संजय मानेश्वर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सिलाई और साड़ी के व्यापार से आत्मनिर्भर बनीं ग्राम बघोली की छमेश्वरी

**बालाघाट।** कहते हैं कि हौसलों की उड़ान अगर सही दिशा में हो, तो मंजिल खुद-ब-खुद पास चली आती है। लालबर्रा विकासखंड के ग्राम बघोली की रहने वाली श्रीमती छमेश्वरी ठाकरे ने इसे सच कर दिखाया है। कभी दूसरों के खेतों में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाली छमेश्वरी आज न केवल खुद आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा की एक मिसाल बन गई हैं। श्रीमती ठाकरे का जीवन तब बदला जब वे वर्ष 2016 में 'सत्यसाई आजीविका स्वयं सहायता समूह' से जुड़ीं। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एमपीएसआरएलएम) ने उन्हें न केवल एक पहचान दी, बल्कि नियमित बचत, बैंकिंग और उद्यमशीलता का हुनर भी सिखाया।

## रक्त की कमी से जूझ रहे सुमित को मिला नया जीवन

### 50 किमी दूर से आए समाजसेवियों ने किया रक्तदान

**नवभारत कटंगी 28 जून।** मानवता और सेवा की मिसाल उस वक्त देखने को मिली जब उजाड़ बोपली, कटंगी निवासी 17 वर्षीय सुमित नागेश्वर की जिंदगी रक्त की कमी के कारण खतरे में पड़ गई।

जिला अस्पताल बालाघाट के ब्लड बैंक में आवश्यक रक्त समूह उपलब्ध नहीं होने से सुमित पिछले दो-तीन दिनों से भर्ती था और उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। परिजनों की गुहार पर सुमित के पिता श्याम नागेश्वर ने समाजसेवी जितेंद्र गौतम 'शिक्षा सारथी' से संपर्क किया। सूचना मिलते ही जितेंद्र गौतम अपने गांव तुमसर टटेकसा से लगभग 50 किलोमीटर का सफर तय कर सहयोगी कुंदन कटरे के साथ शासकीय जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचे। दोनों ने तत्काल रक्तदान कर सुमित को समय पर रक्त उपलब्ध कराया, जिससे उसके उपचार में महत्वपूर्ण सहायता मिली और जान बच गई।

### रक्तदान सुरक्षित है, जीवनदायी है

समाजसेवी जितेंद्र गौतम ने कहा, 'रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। यह मेरा पहला रक्तदान नहीं है, बल्कि मैं पूर्व में भी अनेक बार रक्तदान कर चुका हूं।' वहीं कुंदन कटरे ने तीसरी बार रक्तदान कर मानव सेवा का परिचय दिया। जितेंद्र गौतम ने सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील करते हुए कहा, 'रक्तदान सुरक्षित है, जीवनदायी है और समय आने पर किसी का जीवन बचा सकता है।

### ब्लड बैंक की कमी फिर उजागर

इस घटना ने एक बार फिर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की कमी का मुद्दा उजागर कर दिया है। आपात स्थिति में मरीजों के परिजनों को रक्त के लिए भटकना पड़ता है। अक्सर सोशल मीडिया या समाजसेवियों की मदद से ही जरूरतमंदों को रक्त मिल पाता है।

क्षेत्र में हो रही सराहना

समाजसेवियों के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है। समय पर किए गए इस रक्तदान ने एक परिवार को नई उम्मीद दी और समाज के सामने मानवता की एक प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की।

### रक्तदान शिविरों में शामिल होने की अपील

जिला अस्पताल प्रबंधन से आग्रह है कि ब्लड बैंक में सभी ग्रुप का रक्त पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखा जाए, ताकि सुमित जैसी स्थिति किसी और मरीज के साथ नहीं बने। साथ ही युवाओं से नियमित रक्तदान शिविरों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील है।

## लुटेरों ने फिर महिला को लहूलुहान कर लूटा, पीछा करने पर पति को दिखाया चाकू



**नवभारत, जबलपुर।** महिलाओं को लहूलुहान कर लूट करने वाली गैंग सक्रिय हैं। अब बरगी थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे 34 टोल प्लाजा के पास बिना नंबर की बाइक पर आए तीन शातिर बदमाशों ने एक महिला के कान से सोने की झुमकी झपट ली। वारदात के दौरान झुमकी खींचने से महिला का कान फट गया और वह लहूलुहान हो गईं। जब पीड़ित पति ने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, तो लुटेरों ने बीच सड़क पर चाकू दिखाकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, धनवंतरी नगर परसवाड़ा कॉलोनी निवासी बृजेश साहू (32) अपनी पत्नी दुर्गा साहू और दो बच्चों यश व केशव के साथ अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एम एम 4527 से पैतृक गांव देवद्वार सालीवाड़ा जा रहे थे। बृजेश धनवंतरी नगर में ही एमपी ऑनलाइन की दुकान चलाते हैं। दोपहर करीब 12:15 बजे जैसे ही बृजेश साहू का परिवार बरगी टोल पार कर निगरी के आगे खमरिया के पास पहुँचा, पीछे से एक ही बाइक पर सवार तीन युवक उनके करीब आए। बदमाशों ने चलती बाइक पर पीछे बैठी दुर्गा साहू के बाएं कान पर झपट्टा मारा और सोने की झुमकी खींच ली। झटका इतना तेज था कि दुर्गा साहू के कान से खून बहने लगा। झुमकी लूटने के बाद बदमाश तेजी से आगे निकल गए। बृजेश ने हौसला दिखाते हुए लुटेरों की बाइक का पीछा किया। यह देख बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने कमर से धारदार चाकू निकाला और बृजेश की तरफ लहराते हुए चिल्लाया अगर पीछा किया तो जान से मार देंगे। बीच हाईवे पर चाकू देखकर बृजेश साहू डर गए और उन्होंने गाड़ी रोक दी। इसके बाद वे घायल पत्नी को लेकर घर लौटे और फिर थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बाइक चला रहे आरोपी ने मुँह पर गमछा बाँध रखा था, जबकि पीछे बैठे दोनों बदमाशों के मुँह खुले थे। तीनों आरोपियों की उम्र करीब 20 से 25 वर्ष के बीच है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हाईवे और टोल नाके के सीसीटीवी फुटेज खँगाले जा रहे हैं।